तापमान
अधिकतम 43 .0 डिग्री
न्यूनतम 29 .6 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 24 मई 2024


9 कोई भी मतदाता भय की वजह से मतदान करने से न रहे वंचितः मिश्रा


10 तापमान में डेढ़ डिग्री की गिरावट, गर्मी से नहीं मिली राहत

## खबर संक्षेप

### सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का केस दर्ज
**रेवाड़ी।** जीआरपी ने लोहारू-परवेजपुर रेल सीमा में पेड़ काटने का विरोध करने पर वन दरोगा से मारपीट करने का केस दर्ज किया है। वन दरोगा निशांत ने जीआरपी को दर्ज शिकायत में भिवानी के झाझड़ा निवासी राजकुमार और सुरेश पर आरोप लगाया है कि दोनों ने पेड़ काटने से मना करने पर उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। जीआरपी ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

### युवक के साथ मारपीट करने का केस दर्ज
**धारूहेड़ा।** खिजूरी के पास बाइक चालक को रोककर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में मूल रूप से राजस्थान निवासी सुनील ने बताया कि वह दयाराम नगर में रहता है। वह अपनी बाइक से खिजूरी की ओर जा रहा था। गांव के पास निखरी निवासी देवानंद ने बाइक रुकवाकर उस पर बीयर की बोतल से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### बेरली कलां बस स्टैंड के पास से बाइक चोरी
**जाटूसाना।** बेरली कलां बस स्टैंड के पास सड़क किनारे खड़ी एक बाइक चोरी हो गई। पुलिस शिकायत में मूसेपुर निवासी रविंद्र ने बताया कि वह बेरली कलां में एक कुआं पूजन कार्यक्रम में भाग लेने के लिए गया था। बस स्टैंड के पास सड़क किनारे खड़ी करने के बाद उसने बाइक लॉक कर दी थी। वह कुआं पूजन समारोह से वापस आया, तो उसे बाइक नहीं मिली।

### कसोला क्षेत्र के गांव से युवती लापता
**रेवाड़ी।** कसोला क्षेत्र के एक गांव से 22 वर्षीय युवती अचानक घर से लापता हो गई। पुलिस शिकायत में युवती के भाई ने बताया कि उसके माता-पिता की मौत के बाद वह और उसकी बहन अलग रह रहे हैं। 22 मई को दोपहर के समय बिना बताए उसकी बहन कहीं चली गई। इसके बाद उसने रिश्तेदारियों और दूसरे स्थानों पर बहन की तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद युवती की तलाश शुरू कर दी।

### सेक्टर-4 से स्कॉर्पियो गाड़ी ले गए चोर
**रेवाड़ी।** सेक्टर-4 से चोर एक स्कॉर्पियो गाड़ी चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में नेहरूगढ़ निवासी ईश्वर सिंह ने बताया कि वह इस समय सेक्टर-4 में रह रहा है। रात के समय उसने स्कॉर्पियो गाड़ी मकान के सामने खड़ी की थी। सुबह करीब साढ़े 6 बजे जब वह मकान से बाहर निकला, तो गाड़ी गायब मिली। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### बीएलओ के साथ मारपीट का आरोपी गिरफ्तार
**रेवाड़ी।** राजीव नगर में वोटर स्लिप देने के लिए गए बीएलओ से मारपीट करने के आरोपी को मॉडल टाउन थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बीएलओ ने बताया था कि वह अजीत और उसकी पत्नी की वोटर स्लिप देने के लिए उनके घर गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर छोड़ दिया।

### प्रदूषण जांच केंद्र के पास खड़ी बाइक चोरी
**रेवाड़ी।** ट्रॉमा सेंटर के पास एक प्रदूषण जांच केंद्र बूथ के पास खड़ी बाइक चोरी हो गई। पुलिस शिकायत में चांदावास निवासी बलराम ने बताया कि उसने सरकुलर रोड पर पेट्रोल पंप के पास प्रदूषण जांच केंद्र खोला हुआ है। गांव से आने के बाद उसने वहीं अपनी बाइक खड़ी की थी। शाम को घर जाते समय उसे बाइक गायब मिली।

### इस बार बरसात नहीं आने से लगातार हो रही तापमान में बढ़ोतरी ने छुड़ाए लोगों के पसीने


# भीषण गर्मी में एसी व कूलर की बढ़ी डिमांड पिछले वर्ष की अपेक्षा सेल तीन गुणा ज्यादा

- गत वर्ष अप्रैल-मई में बरसात के कारण मौसम था ठंडा

**हेमंत शर्मा ▸▸ रेवाड़ी**

गर्मी के तेवर तल्ख होने के साथ ही इलेक्ट्रानिक्स की दुकानों पर एसी व कूलर की डिमांड काफी बढ़ गई है। गत वर्ष जहां अप्रैल-मई में बरसात आने पर तापमान में कमी के कारण एसी-कूलर का बाजार ठंडा था, वही इस बार सेल तीन गुणा बढ़ गई है। तापमान भी 45 डिग्री से पार हो चुका है। इस बार कंपनियों के कूलर में करीब 10 से 15 फीसदी तक का इजाफा हुआ है। पिछले साल की तुलना में इस बार कूलर की कीमत 400 से 500, एसी लगभग एक हजार रुपये तक और पंखों की कीमत 200 से 400 रुपये तक बढ़ गई हैं। रोजाना बढ़ती गर्मी के जीवली बाजार मार्केट, रेलवे रोड, काठमंडी व सरकुलर रोड स्थित इलेक्ट्रानिक्स की दुकानों में ग्राहकों की भीड़ बढ़ गई है। दुकानदारों ने बताया कि पिछले 15 दिनों से एसी, कूलर और फ्रिज की बिक्री काफी बढ़ गई है। दुकानों पर स्प्लिट एसी 31 हजार से 55 हजार रुपये व विंडों एसी 25 हजार से 44 हजार तक के रेंज में उपलब्ध है। कूलर 3 हजार से 18 हजार तक की कीमत के मिल रहे है।


रेवाड़ी। इलेक्ट्रानिक्स की दुकान में सजे स्प्लिट एसी, दुकान में रखे हुए कूलर।


फोटो :हरिभूमि

### सेंसर सिस्टम वाले एसी भी पसंद
मार्केट में इस बार नई तकनीक के एसी, कूलर और पंखा आए हैं। रिमोट के साथ संेसर सिस्टम वाले कन्वर्टेबल एसी भी लोगों को पसंद आ रहे हैं। इनमें एसी खुद कमरे के तापमान को सामान्य कर देता है। लोग घर पहुंचने से पहले ही ऑफिस या कार में बैठकर रिमोट से घर का एसी शुरू कर सकते हैं। दुकानदारों की मानें तो इस साल मार्च से ही कूलिंग प्रोडक्ट्स की बिक्री शुरू हो गई है। तेज गर्मी को देखते हुए फिलहाल लोग कूलर खरीदना अधिक पसंद कर रहे हैं। इसमें भी फाइबर के कूलर की अधिक डिमांड है, यह आवाज नहीं करता और इससे करंट लगने का खतरा भी बेहद कम होता है।

### फाइव स्टार एसी की मांग सबसे अधिक
गोकल गेट स्थित महाराजा इलेक्ट्रानिक्स के संचालक सुनील गुलाटी ने बताया कि इस बार कूलर से अधिक एसी की बिक्री हो रही है। 60 प्रतिशत के करीब एसी बिक रहे है। फाइव स्टार एसी की मांग सबसे अधिक है। फाइव स्टार 1.50 टन एसी की कीमत 31 हजार से लेकर 55 हजार रुपये तक है। साथ ही बड़े आकार की फ्रिज की भी बढ़ रही है। विंडो एसी से स्प्लिट एसी की मांग ज्यादा है। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष एसी की सेल भी अधिक है।


सुनील गुलाटी।

### ब्रांडेड कंपनी के कूलर की मांग
ब्रांडेड कंपनी के कूलर की शुरूआत ही 6 हजार से अधिक है। वहीं लोकल कंपनी के कूलर 3000 से 8000 तक में उपलब्ध हैं। मार्केट में कूलर 18 हजार रुपये तक में उपलब्ध है। इस वर्ष अप्रैल-मई में गर्मी ज्यादा पड़ने से कूलर व एसी की बिक्री बढ़ गई है। प्लास्टिक बॉडी के कूलरों व स्प्लिट एसी की मांग ज्यादा है। पिछले सालों की अपेक्षा इस बार तेज गर्मी पड़ने से पंखे, कूलर व एसी के दाम भी 10 से 15 फीसदी बढ़े है।

### टोंटी लगी सुराही भी लोगों की पसंद
गर्मी बढ़ते ही आम लोगों के लिए मिट्टी के मटके और सुराही की मांग बढ़ गई है। मार्केट में टोंटी वाली सुराही कीमत 250 से 400 रुपये तक है तथा मटकें की कीमत 200 से 250 रुपये तक है। लोगों को टोंटी लगी सुराही व मटकें काफी पसंद आ रहे है। मिट्टी के बर्तन विक्रेता बलवान ने बताया कि टोंटी लगे हुए सुराही व मटकें की मांग काफी अधिक है।

### फाइबर के थार कूलर की ज्यादा मांग
काठमंडी स्थित पूजा फर्नीचर एंड इलेक्ट्रानिक्स के मालिक विनोद कुमार ने बताया कि इस बार कूलर की बिक्री में तीन गुणा वृद्धि हुई है। ग्राहक लोकल सहित ब्रांडेड कूलर खरीद रहे है। थार नामक फाइबर कूलर की डिमांड ज्यादा है। आने वाले समय में तापमान में और वृद्धि होते ही कूलर की बिक्री और भी बढ़ेगी। अभी कूलर 3 हजार रुपये से 18 हजार रुपये तक बिक रहे है। काउंटर पर लगाने के लिए 3 हजार रुपये के ब्लोर कूलर की भी काफी मांग है। जिले में पानी में फ्लोराइड अधिक होने के कारण भी लोग फाइबर के कूलर ज्यादा खरीद रहे है।


विनोद कुमार।

# पानी के विवाद पर निकाली तलवार, आरोपी गिरफ्तार

- भतीजे ने उसे काबू करके हथियारों के साथ पुलिस के हवाले कर दिया

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी**

पाली में भतीजे के साथ सबमर्सिबल पंप पर पानी भरने को लेकर हुए विवाद में चाचा ने भतीजे पर चाकू और तलवारनुमा हथियार से हमला करने का प्रयास किया। भतीजे ने उसे काबू करके हथियारों के साथ पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस शिकायत में अमित ने बताया कि पानी भरने के लिए उसके परिवार में एक साझा सबमर्सिबल पंप लगाया हुआ है। पानी भरते समय उसके चाचा बिजेंद्र ने उसके और उसकी मां के साथ झगड़ा करना शुरू कर दिया। वह शराब के नशे में था। अमित ने आरोप लगाया कि बिजेंद्र एक चाकू और तलवारनुमा हथियार से उस पर हमला करने का प्रयास कर रहा था। उसने धक्का देकर उसे जमीन पर गिरा दिया, जिससे बिजेंद्र मामूली रूप से घायल भी हो गया। उसे काबू करने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने बिजेंद्र को दोनों हथियारों के साथ काबू कर लिया।


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## दुकान का शटर उखाड़कर हजारों रुपये का सामान व नकदी चोरी
**रेवाड़ी।** गढ़ी बोलनी बस स्टैंड पर चोर एक बैट्री-इन्वर्टर की दुकान का ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। राजस्थान के आकोली निवासी जसवंत ने कसोला पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि बुधवार शाम को वह दुकान बंद करने के बाद अपने गांव चला गया था। वीरवार सुबह दुकान पर आया तो शटर व दुकान के अंदर का शीशा टूटा हुआ था। चोर दुकान से नई व पुरानी बैट्रियां, इन्वर्टर, पंखे व 12 हजार रुपये चोरी कर ले गए। उसने इसकी सूचना पुलिस ने को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेते हुए आसपास के सीसीटीवी कैमरों से चोरों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

## घर में घुसकर जीजा के साथ जमकर मारपीट, केस दर्ज

- पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी**

राधा कृष्ण कॉलोनी में घर में घुसकर अपने जीजा के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने साले के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस बयान में रवि यादव ने बाताया कि उसकी पत्नी नर्स लगी हुई है। वह हेल्थ सेंटर से अपनी पत्नी को लेने के लिए गया था। उसकी पत्नी वहां नहीं मिली, तो उसने डॉक्टर से पूछताछ की। डॉक्टर ने बताया कि वह ड्यूटी पर आई थी, परंतु बाद में पता नहीं कहां चली गई। रवि ने आरोप लगाया कि कुछ समय बाद उसका साला अनिल गाड़ी लेकर उसके मकान पर आया। मकान में घुसने के बाद उसने मारपीट करना शुरू कर दिया। शोर मचाने पर पड़ोस के लोगों ने आकर बीच-बचाव किया। अनिल ने उसे जाते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने उसके बयान पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### अलग-अलग गांवों से दो युवतियां लापता
**कोसली।** क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों से दो युवतियां बिना किसी को बताए अपने घरों से लापता हो गई। पहले मामले में पिता ने कोसली पुलिस को दी सूचना में बताया कि बारहवीं कक्षा पासआउट उनकी 20 वर्षीय बेटी देर शाम घर से लापता हो गई। उन्होंने अपने स्तर पर उसकी खोज की परंतु कोई पता नहीं चल पाया। दूसरे मामले में 18 वर्षीय युवती मंगलवार को अपने घर से बिना किसी को बताए चली गई। युवती के पिता ने नाहड़ पुलिस चौकी में दी सूचना में बताया उन्होंने अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर दोनों युवतियों की तलाश शुरू कर दी है।

# युवक की हत्या के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बावल**

बावल थाना पुलिस ने गांव खेड़ी डालूसिंह में युवक की चाकू से मारकर हत्या के मामले में शामिल एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गांव खेड़ी डालूसिंह निवासी विशाल के रूप में हुई है। गांव खेड़ी डालूसिंह निवासी बलविंद्र सिंह ने अपनी शिकायत में बताया था की वह भिवाड़ी की एक कंपनी में नौकरी करता है और उसका भाई दीपक जयपुर में कोचिंग करता था। उनका अपने ताऊ के बेटे पवन कुमार का जमीन को लेकर आपस में विवाद चल रहा था। 17 मई को उसका भाई दीपक जयपुर से आया था। वह अपने भाई को अपनी बाइक पर बैठाकर अपने घर के पास पहुंचा तो उसकी बाइक की आवाज सुनकर आरोपी पवन सिंह, उसका बेटा विशाल और उसकी पत्नी घर से बाहर आ गए। विशाल ने चाकू से उसके भाई दीपक पर हमला कर दिया। वह अपने भाई को बचाने लगा तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। चाकू के कई वार होने पर दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया तथा इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करके मामले में एक आरोपी पवन कुमार को पहले ही काबू कर लिया था। पुलिस ने बुधवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी को भी काबू कर लिया है।


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में हत्या का आरोपी। फोटो :हरिभूमि



एंज्वॉयमेंट / शिखर चंद जैन

# समर वेकेशंस में खेलो मजेदार गेम्स

बच्चों, इन दिनों समर वेकेशंस चल रही है तो यह बनता ही है कि इसे एंज्वॉय किया जाए। हम तुम्हें देश-विदेश के ऐसे कुछ इनडोर और आउट डोर गेम्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें तुम अपने दोस्तों के साथ खेलकर खूब मस्ती कर सकते हो।



## पास द पार्सल, यूके

**पास द पार्सल,** यूके (ब्रिटेन) के बच्चों का पसंदीदा खेल है। इस खेल की शुरुआत भले ही यूके से हुई, लेकिन दुनिया के कई देशों में बच्चे इसे बड़े चाव से खेलते हैं। इस गेम का विशेष रूप से बर्थ-डे पार्टी में खेला जाता है। इसमें किसी खिलौने या गिफ्ट को कागज की कई परतों में लपेटा जाता है। ये परतें काफी ज्यादा होती हैं। सभी बच्चों को एक गोल घेरे में बैठाया जाता है फिर म्यूजिक शुरू होता है। बच्चे एक-एक कर गिफ्ट को अगले बच्चे को पास करते हैं। अचानक म्यूजिक बंद होता है, उस वक्त जिस बच्चे के हाथ में गिफ्ट-पैक होता है, वह उसकी पहली परत उतारता है। इसके बाद म्यूजिक फिर शुरू होता है, आगे के बच्चों में म्यूजिक बजने तक गिफ्ट-पैक ट्रांसफर होता रहता है। फिर म्यूजिक बंद होने के बाद जिस बच्चे के हाथ में गिफ्ट होता है, वह इसकी दूसरी परत खोलता है। यह सिलसिला जारी रहता है। अंत में जो बच्चा अंतिम परत खोलकर गिफ्ट को एक्सपोज करता है, उसे वह गिफ्ट मिल जाता है। *

## पिलोलो, घाना



**घाना देश** पश्चिमी अफ्रीका में स्थित है। पिलोलो इसी देश का खेल है। इस खेल में छह या इससे ज्यादा बच्चे भाग ले सकते हैं। इसमें एक बच्चा लीडर बनता है, बाकी बच्चे लीडर द्वारा छिपाई गई चीज को खोजते हैं। इस गेम की थीम होती है- 'खजाने की खोज' और 'भागम-भाग'। लीडर खेल के मैदान में पत्थर, सिक्के, छड़ियों जैसी चीजें छिपाता है। फिर वह आवाज लगाता है-पिलोलो। सारे खिलाड़ी एकसाथ भागते हैं, जो खिलाड़ी छिपाई हुई एक भी वस्तु को खोजकर फिनिश लाइन तक सबसे पहले पहुंचता है, वह विनर बनता है। टाइम कीपर इस बात का ध्यान रखता है कि कौन-सा खिलाड़ी सबसे पहले फिनिश लाइन पर पहुंचा। इस गेम का विनर, लीडर बनकर गेम को कंटिन्यू करता है। *

## फायर-वॉटर-स्टॉर्म, जर्मनी

**इस जर्मन** खेल को बहुत सारे बच्चे एक साथ खेल सकते हैं। मुख्य खिलाड़ी इनमें से कोई एक शब्द जोर से पुकारता है- फायर, वॉटर, स्टॉर्म, लाइटनिंग (जर्मन भाषा में इन्हें फ्यूर, वॉसर, स्टर्म, ब्लिट्ज बोलते हैं।) साथी खिलाड़ियों को तुरंत शब्द के मुताबिक एक्शन लेना होता है। जैसे अगर फायर कहा तो सीधे लेटना है। स्टॉर्म कहा गया तो तुरंत किसी खंभे, पेड़ के तने या ठोस वस्तु को पकड़ना है ताकि तूफान में उड़ ना जाएं। वॉटर कहा गया है तो ऊंचे स्थान पर चढ़कर खुद को डूबने से बचाना है। लाइटनिंग बोला गया है तो बिल्कुल सिकुड़ कर बैठना है। अगर कोई खिलाड़ी बोले गए शब्द के अनुसार एक्शन करने में देरी करता है या फिर गलत एक्टिविटी कर देता है, तो उसे आउट माना जाता है। बच्चों, तुम इस गेम में अपनी इमेजिनेशन से कुछ और शब्द और एक्शन जोड़ सकते हो। *



## ऊंच-नीच, भारत

**ऊंच-नीच** भारत और उसके पड़ोसी देशों के बच्चों का पसंदीदा खेल है। यह खेल हमारे देश के कई राज्यों में अलग-अलग नामों से जाना जाता है। पश्चिम बंगाल में इसे 'कुमिर डांगा', महाराष्ट्र में 'दगड़ का माटी' और आंध्र प्रदेश में 'नेला बांदा' कहते हैं। यह खेल असमतल यानी ऊंची-नीची भूमि पर खेला जाता है। ऊंची सतह जैसे कोई चट्टान, टीला या चबूतरा को 'ऊंच' और नीची जगह को 'नीच' कहते हैं। मुख्य खिलाड़ी अपने मन से डिसाइड करता है कि वह ऊंच लेगा या नीच। अगर वह ऊंच मांगता है तो बाकी खिलाड़ियों को तुरंत नीची सतह पर जाकर खड़े होना होता है। ऐसे में जो खिलाड़ी ऊंच पर ही रह जाता है और मुख्य खिलाड़ी उसे पकड़ लेता है तो वह आउट हो जाता है। *



## स्टेच्यू, ग्रीस

**अगलमाता या** स्टेच्यू, ग्रीस के बच्चों में बहुत लोकप्रिय खेल है। इसमें एक खिलाड़ी मैदान के बीचों-बीच खड़ा होकर अपनी आंखें बंद कर लेता है और गिनती गिनता है। अचानक वह गिनना बंद करके जोर से चिल्लाता है- स्टेच्यू (मूर्ति)। उस वक्त मैदान में इधर-उधर घूम रहे बच्चे एकदम स्टेच्यू की तरह स्थिर होकर खड़े हो जाते हैं। बच्चे चाहें तो लिटिल मरमेड, स्टेचू ऑफ लिबर्टी या कोई और मुद्रा बनाकर खड़े हो सकते हैं। फिर अगलमाता चिल्लाने वाला मुख्य खिलाड़ी सभी खिलाड़ियों के पास जाता है, उन्हें बिना छुए, कुछ कह कर हंसाने या हिलाने की कोशिश करता है। जो खिलाड़ी हंस देता है या स्टेच्यू की मुद्रा में हिल जाता है, वह आउट हो जाता है। लास्ट तक स्टेच्यू बना रहने वाला विजेता होता है। *



जंतु-जगत / अनुराग मनींद्र



# अजब-अनोखी डॉल्फिन

बच्चों, तुमने डॉल्फिन के वीडियोज और फोटोज जरूर देखे होंगे। इसकी प्यारी, रोमांचित करने वाली हरकतें हर किसी को खूब लुभाती हैं। शायद तुममें से कुछ बच्चों ने कभी किसी ट्रिप के दौरान रियल डॉल्फिन भी देखी हो, इसकी एक्टिविटीज को खूब एंज्वॉय किया हो। आज हम तुम्हें डॉल्फिन के बारे में कुछ रोचक बातें बता रहे हैं-

**नींद में भी रहती है अलर्ट :** डॉल्फिन सोते वक्त भी अपने ब्रेन का आधा हिस्सा एक्टिव और अलर्ट रखती है। इससे उसे खतरों का पता चलता रहता है। इस तरह वह अपने शत्रु और शिकारी जंतुओं से खुद को सुरक्षित रखती है।



**सांस लेने के लिए आती है पानी से बाहर :** डॉल्फिन वैसे तो पानी में रहती है, लेकिन यह मछलियों की तरह पानी में सांस नहीं ले सकती। सांस लेने के लिए इसे बीच-बीच में पानी से बाहर आना पड़ता है।

**भोजन चबाती नहीं निगलती है :** डॉल्फिन मुख्य रूप से क्रस्टेशियंस और स्क्विड जैसे जलीय जंतुओं को खाती है। ये अपने भोजन को चबाती नहीं है बल्कि सीधे निगल लेती है। किसी बड़े शिकार को निगलने से पहले यह उसे छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़ लेती है फिर इसे निगलती है।

**दांत होते हैं कोन शेप्ड :** डॉल्फिन के दांत कोन शेप्ड या कोनिकल (शंकु आकार के) होते हैं। अलग-अलग प्रजाति की डॉल्फिन में दांतों की संख्या अलग-अलग होती है, जैसे- रिसो डॉल्फिन के 14 जबकि स्पिनर डॉल्फिन के 240 दांत हो सकते हैं।

**सबसे बड़ी और सबसे छोटी डॉल्फिन :** ओर्का डॉल्फिन, जिसे किलर व्हेल भी कहा जाता है, दुनिया की सबसे बड़ी समुद्री डॉल्फिन की प्रजाति है। वहीं हेक्टर और फ्रांसिसाना की गिनती दुनिया के सबसे छोटे डॉल्फिन में होती है।

**ग्रुप में रहना है पसंद :** डॉल्फिन अकेले रहने के बजाय ग्रुप में रहना पसंद करती है। इसके ग्रुप को 'पॉड' कहा जाता है। ये एक-साथ तैरती हैं और भोजन की तलाश करती हैं।

**सिग्नल्स के लिए निकालती हैं कई तरह की आवाजें:** डॉल्फिन अलग-अलग संकेतों (सिग्नल्स) के माध्यम से एक-दूसरे तक अपने संदेश पहुंचाती हैं। ये क्लिक, सीटी सहित और भी कई तरह की आवाजें निकाल सकती हैं। इन आवाजों का प्रयोग, ये सिग्नल के तौर पर संभावित खतरों से अपने साथियों को अलर्ट करने के लिए करती हैं।

**डॉल्फिन का जीवन काल:** सामान्यतया डॉल्फिन का जीवन काल बीस साल के आस-पास होता है। लेकिन ओर्कास जैसी कुछ प्रजातियों में इसकी आयु अस्सी साल तक होती है। *

## डॉल्फिन और मछली में अंतर

**बच्चों, बहुत**-से लोग डॉल्फिन को भी एक प्रकार की मछली मानते हैं। लेकिन वास्तव में डॉल्फिन, मछली से अलग होती है। इनमें कुछ प्रमुख अंतर हैं-

- डॉल्फिन के शरीर में गलफड़े (गिल्स) नहीं होते हैं, इसलिए इसे सांस लेने के लिए थोड़े-थोड़े गैप के बाद पानी से बाहर आना पड़ता है। जबकि मछलियां पानी में घुले हुए ऑक्सीजन से ही अपने गलफड़े (गिल्स) के द्वारा सांस ले सकती हैं।
- तैरते समय डॉल्फिन की पूंछ ऊपर-नीचे लहराती है, जबकि मछली की पूंछ अगल-बगल, दाएं-बाएं घूमती है।
- ज्यादातर मछलियां अंडे देती हैं, ये एक साल में सैकड़ों अंडे दे सकती हैं, जबकि डॉल्फिन बच्चे को जन्म देती है, वो भी एक से लेकर छह साल में एक बार।

## जीके क्विज-105

1. हाल ही में किस प्रसिद्ध भारतीय फुटबॉल खिलाड़ी ने संन्यास लेने की घोषणा की?
2. पिछले दिनों राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग-2024 का आयोजन किस राज्य में किया गया?
3. विश्व का सबसे गहरा महासागर कौन-सा है?
4. रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की थी?
5. मानव शरीर की सबसे छोटी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
6. गुरुत्वाकर्षण बल की खोज किस वैज्ञानिक ने की थी?
7. नमक का रासायनिक नाम क्या है?
8. हाइड्रोजन की खोज किसने की थी?
9. विश्वनाथन आनंद का संबंध किस खेल से है?
10. 'मैकबेथ' किस प्रसिद्ध लेखक की रचना है?



बच्चों, जीके क्विज-105 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-104 का उत्तर :** 1.मणिपुर, 2.विश्वभूषण हरिचंदन, 3.स्वामी दयानंद सरस्वती, 4.प्रकाश वर्ष, 5.राजस्थान, 6.ठोस कार्बनडाईऑक्साइड, 7.विटामिन-के, 8.अकबर और हेमू, 9.दूध उत्पादन, 10.बाल गंगाधर तिलक

**जीके क्विज-104 का सही उत्तर देने वाले :** शुभम-बिलासपुर, रानी-पंडरिया, कबीर-हिसार, मानवी मधुकर-बिलासपुर, यामिनी-बलौदाबाजार, सरबजीत-करनाल, महेश-ईमेल से, क्षमानिधि-ईमेल से, यदुवेंद्र-महेंद्रगढ़, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी. ईशान-अहमदाबाद, हिमांशु-कबीरधाम

## हंसगुल्ले



**नव्या :** क्या तुम पानी में रहने वाले तीन जंतुओं के नाम बता सकती हो?
**नैंसी :** हां, बिल्कुल! मछली, मछली की मम्मी और मछली के पापा।
-खुशबू, रायपुर

**टीचर :** रोहन बताओ, जिसे कुछ सुनाई न दे, उसे इंग्लिश में क्या कहेंगे?
**रोहन :** सर, कुछ नहीं कहेंगे, क्योंकि उसे कुछ भी सुनाई नहीं देगा।
-दिशा, हिसार

**टीचर :** आने वाले कल को इंग्लिश में क्या कहते हैं?
**भोलू :** सर, टुमारो।
**टीचर :** वेरी गुड, अब बताओ आने वाले कल से अगले दिन को क्या कहते हैं?
**भोलू :** (जवाब न आने पर घबराकर) सर, टुमारो पर एक और मारो।
-सचिन, भिलाई

कहानी

पूजा भारद्वाज

# गर्मी की छुट्टियां

गर्मी की छुट्टियां शुरू हुईं तो पीयूष सारा दिन मोबाइल देखने में बिताता। दादा जी को यह आदत अच्छी नहीं लगी। उन्होंने पीयूष की दिनचर्या को कुछ इस तरह तय किया कि उसने मोबाइल देखना बंद कर दिया। आखिर दादा जी ने ऐसा क्या किया, जिससे पीयूष की मोबाइल देखने की आदत छूट गई?

दादा जी कई दिनों से देख रहे थे, जब से गर्मियों की छुट्टियां शुरू हुई हैं, पीयूष जब देखो, तब मोबाइल देखने में लगा रहता है। उन्होंने उसे टोका, 'इस तरह तुम दिनभर मोबाइल देखते रहोगे तो आंखें खराब हो जाएंगी।'

इस पर पीयूष जवाब में बोला, 'तो क्या करूं पूरे दिन दादा जी?'

दादा जी को पीयूष की बात सही लगी। पूरा दिन वह करे भी तो क्या करे? वह कुछ देर सोचते रहे, फिर बोले, 'ठीक है, मैं तुम्हें बताऊंगा इन छुट्टियों में तुम क्या करो? बस कल सुबह पांच बजे उठकर मेरे पास आ जाना।' अगले दिन पीयूष सुबह पांच बजे उठकर फ्रेश होने के बाद दादा जी के पास आया। वह उसे लेकर पार्क में गए। साथ में एक थैली में रात की बची हुई चार-पांच रोटियां भी ले गए। पार्क में दोनों कुछ देर टहले। जब सूर्य पूरी तरह निकल आया तो दादा जी ने पीयूष को प्राणायाम सिखाया। योगाभ्यास के बाद दोनों पार्क के उस स्थान पर गए, जहां ढेर सारे पक्षी थे। वहां एक जगह बैठकर साथ लाई रोटियां छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़कर एक पेड़ के नीचे बिखेर कर थोड़ा दूर जाकर दोनों खड़े हो गए। कुछ देर में नन्ही-नन्ही चिड़ियां और गिलहरियां वहां आकर उन रोटियों के टुकड़ों को मजे से खाने लगीं। पीयूष के लिए यह एक अनोखा अनुभव था।



जब धूप हल्की तेज होने लगी तो दादा जी उसे एक गमले की दुकान पर ले गए। जहां उन्होंने कई छोटे-बड़े गमले खरीदे। इन गमलों को ऑटो में रखकर घर ले आए। फिर उन्हें आंगन और बालकनी में करीने से रख दिया। इस काम के बाद दोनों ने स्नान किया। सुबह-सुबह इतना घूम लेने के कारण पीयूष को बहुत जोरों की भूख लग आई थी। खाना खाकर पीयूष ने दो घंटे छुट्टियों का होमवर्क किया। थोड़ी देर टीवी देखा, फिर वह सो गया। तीन बजे उठा तो दादा जी कैरम, लूडो लेकर बैठे थे। दोनों ने जी भर कर कैरम-लूडो खेला। शाम होते ही दादा जी पीयूष को साथ लेकर सब्जी लेने चले गए। जब घर लौटे तो उनके हाथों में सब्जी के साथ कई सारी बाल पत्रिकाएं भी थीं, जिनमें से एक तो पीयूष ने घर आते ही पढ़नी शुरू कर दी। डिनर करके वह सोने के लिए बेड पर आया तो दादा जी ने उसे कई मजेदार कहानियां सुनाईं। कहानी सुनते-सुनते उसकी आंख कब लग गई, उसे पता ही नहीं चला।

अगले दिन सुबह पांच बजे दादा जी और पीयूष फिर पार्क में गए। वहां से वापस आते समय उन्होंने एक जगह से गमलों के लिए दो प्लास्टिक के कट्टों में मिट्टी भरी, जिसे ऑटो में रखकर घर लेकर आए। नहा-धो फिर वही कल जैसी दिनचर्या चली। शाम हुई तो पीयूष और दादा जी ने मिट्टी गमलों में डाली। इस काम को करते हुए अंधेरा हो गया। दोनों इतना थक गए थे कि खाना खाते ही बिस्तर पर आकर सो गए।

अगले दिन सुबह फिर वही रुटीन। पार्क से लौटते समय दोनों नर्सरी चले गए, जहां से गमलों के लिए फूल वाले कुछ पौधे ले आए, जिन्हें उन्होंने गमलों में रोपा।

अगले दस दिनों तक दादा जी और पीयूष का यही सिलसिला चलता रहा। सुबह पार्क, दोपहर में होमवर्क, कैरम, लूडो, सोना, शाम को गमले के पौधों की देखभाल करना और बाल पत्रिकाएं पढ़ना। इन सब में पीयूष इतना व्यस्त रहता कि मोबाइल देखना तो दूर, उसके बारे में उसे सोचने तक का वक्त नहीं मिलता। ग्यारहवें दिन सुबह खाना खाते हुए दादा जी ने पीयूष से पूछा, 'बेटा, अब मोबाइल देखने का मन करता है?' 'नहीं दादा जी।'

पीयूष मुस्कुराते हुए बोला। दादा जी ने पूछा, 'क्यों भई?'

'आपके साथ घूमने और पौधों की देखभाल करने के बाद समय ही नहीं बचता कि मोबाइल देखूं।' पीयूष ने बताया।

'अच्छा, तुम्हारी अभी की और पहले की दिनचर्या में से तुम्हें एक का चुनाव करना हो तो तुम किसका चुनाव करोगे?' दादा जी ने सवाल किया। 'अभी वाली का।' पीयूष तुरंत बोला। 'क्यों?' दादा जी ने जानना चाहा।

'क्योंकि पार्क में जाकर मैं बहुत से पेड़-पौधों, फूलों के बारे में जान पाया हूं। मैं यह भी जान गया हूं कि कितनी तरह के पक्षी होते हैं। पक्षियों के साथ गमले में खुद के लगाए पौधे बड़े होते देखने में जो मजा है, वह मोबाइल देखने में नहीं, दादाजी।' पीयूष ने बताया।


'मतलब तुम अब मोबाइल नहीं देखना चाहते?' दादा जी ने पूछा। 'बिल्कुल नहीं...!' पीयूष हंसते हुए बोला।

'शाबाश! एक बात हमेशा याद रखना बेटा, जब भी कोई बुरी आदत छोड़ना हो तो एक अच्छी आदत जरूर अपना लेना। अच्छी आदतें तुम्हें एक अच्छा इंसान बनाएंगी।' दादा जी ने कहा। 'जी, अच्छी तरह याद रखूंगा' पीयूष ने हां में सिर हिलाया। 'तो फिर इस बात के लिए आज तुम्हारे लिए आइसक्रीम मंगाई जाएगी।'

दादा जी यह कहकर जोरों से हंसे। 'थैंक यू, मेरे प्यारे दादा जी!' यह कहते हुए पीयूष अपने दादा जी के गले में झूल गया। दादा जी भी जोरों से हंस दिए। *

कविता

सरस्वती रमेश



## छुट्टियां

गर्मी की छुट्टियां आ गईं भाई
खेलो जीभर पकड़म-पकड़ाई।
खूब मचाओ हल्ला-गुल्ला
घूमो रोज गली-मौहल्ला।
पर मस्ती में भी रखना याद
समय न हो यूं ही बर्बाद।
खेल-खेल में सीखो कुछ नया
पेंटिंग, संगीत या पाक कला।
रोज पढ़ोगे अगर अखबार
तुम्हारी जीके में होगा सुधार।
दादा-दादी से सुनो कहानी
चांद पे बैठी बुढ़िया नानी।
मम्मी का तुम हाथ बंटाओ
प्यारे-प्यारे बच्चे कहलाओ।

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां एक जैसे दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। लेकिन इनमें पांच अंतर हैं। तुम्हें दो मिनट में ये पांचों अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट पांच अंतर खोजो।



## गिनकर बताओ

बच्चों, यहां दिए गए चित्र में कई सारे पक्षी दिख रहे हैं। तुम्हें गिनकर बताना है कि इस चित्र में कुल कितने पक्षी हैं?



उत्तर-17

## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां एक बिल्ली का चित्र और उसके बगल में कुछ परछाइयां दी गई हैं। चित्र को ध्यान से देखो और बिल्ली की सही परछाई पहचानो।




उत्तर: 3

## विशेष पर्यवेक्षक ने की लोकसभा आम चुनाव की तैयारियों की समीक्षा

# कोई भी मतदाता भय की वजह से मतदान करने से न रहे वंचितः मिश्रा

### जिले में एफएसटी व एसएसटी सक्रिय, 1.60 करोड़ रुपए किए सीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा आम चुनाव के लिए नियुक्त किए गए विशेष पुलिस पर्यवेक्षक दीपक मिश्रा ने वीरवार को वीसी के माध्यम से गुरुग्राम संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रेवाड़ी व बावल विधानसभा क्षेत्र व रोहतक संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कोसली विधानसभा क्षेत्र में 25 मई को होने वाले चुनाव को लेकर डीसी राहुल हुड्डा व एसपी शशांक कुमार सावन से चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व ईमानदारी से पूर्ण कराने के लिए किए गए आवश्यक सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने रेवाड़ी व बावल विधानसभा क्षेत्र व रोहतक लोकसभा क्षेत्र में आने वाले कोसली विधानसभा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक प्रबंधों की जानकारी ली।



रेवाड़ी। चुनाव को लेकर बैठक करते डीसी, एसपी व अन्य अधिकारी।

### मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंदः एसपी

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बताया कि रेवाड़ी, बावल सहित कोसली विधानसभा क्षेत्र में बनाए गए सभी पोलिंग बूथों का पुलिस अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जा चुका है। सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के चाक-चौबंद प्रबंध किए गए हैं। पोलिंग बूथों पर पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षित पुलिस बल तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि जिले में छठे चरण में 25 मई को लोकसभा आम चुनाव के तहत मतदान होना है, जिसको लेकर अवैध शराब, नशीले पदार्थ, नकदी और अवैध हथियार रोकने के लिए नाकों पर और अधिक चौकसी बरती जा रही है। इसके अलावा, जिलों में गठित निगरानी टीमें भी और अधिक सक्रिय है और जिला में लगातार 24 घंटे चैकिंग अभियान जारी है। बैठक में एआरओ एवं एसडीएम रेवाड़ी विकास यादव, एआरओ एवं एसडीएम बावल मनोज कुमार, सीटीएम लोकेश कुमार व नायब तहसीलदार चुनाव अजय कुमार मौजूद थे।

पुलिस पर्यवेक्षक दीपक मिश्रा ने कहा कि कोई भी मतदाता भय या डर की वजह से मतदान करने से वंचित नहीं रहना चाहिए। अधिकारी व कर्मचारी चुनाव के दौरान ड्यूटी देते समय राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना रखें और पूरी निष्पक्षता, ईमानदारी और सजगता व सतर्कता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग की ओर से मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध होने चाहिए। नागरिकों की सुरक्षा में कोई भी चूक नहीं होनी चाहिए। कोई भी अधिकारी-कर्मचारी किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही न बरतें और अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनकर अपनी ड्यूटी का निष्ठा से निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि जिले के उच्च पुलिस अधिकारी स्वयं प्रत्येक बूथ पर जाकर व्यवस्था का जायजा लें। सीसीटीवी कैमरे से भी मतदान केंद्रों के बाहर की निगरानी होनी चाहिए।

### निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए सक्रियः डीसी

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी राहुल हुड्डा ने विशेष पुलिस पर्यवेक्षक को जानकारी देते हुए कहा कि जिला प्रशासन शांतिप्रिय व निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न कराने के लिए सक्रिय है। उन्होंने कहा कि जिले में लोकसभा आम चुनाव के लिए 781 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। बावल में 257, कोसली में 274 तथा रेवाड़ी विस में 250 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। उन्होंने बताया जिले में तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 9-9 एफएसटी व एसएसटी टीम बनाई गई हैं, जो 24 घंटे सक्रिय हैं। उन्होंने क्रिटिकल व वनरेबल बूथ की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि जिले में घर से मतदान व पोलिंग स्टाफ की मतदान प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। जिला प्रशासन को सी-विजिल एप पर 71, एमजीएस पोर्टल पर 413, टोल फ्री हेल्पलाइन पर 2500 शिकायतें मिली, जिनका समाधान कर दिया गया है। डीसी ने बताया कि जिले में 1.60 करोड़ रुपए का सीजर हुआ है। डीसी ने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी कम्युनिकेशन प्लान अनुसार आपसी तालमेल व कोर्डिनेशन से कार्य करें। उन्होंने कहा प्रजाइडिंग ऑफिसर को फोन ले जाने की अनुमति होगी। इसलिए उसके पास सभी आवश्यक नंबर होने चाहिए।

### संदिग्ध व्यक्तियों पर रखें कड़ी नजर

विशेष पुलिस पर्यवेक्षक मिश्रा ने कहा कि घर से मतदान वाले रजिस्टर पर अधिकारी के हस्ताक्षर होने चाहिए ताकि बाद में कोई परेशानी न आए। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया पूर्ण रूप से शांतिपूर्ण माहौल में होनी चाहिए। रिस्पोंड टीम निर्धारित प्लान अनुसार काम करें। उन्होंने कहा कि जिले में मतदान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखें, कोई भी व्यक्ति बोगस व जाली वोट न डालने पाए और कहीं से भी ईवीएम या मतदान केंद्र हाईजैक जैसी शिकायतें न मिले। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। मतदाताओं को गर्मी के मद्देनजर हीट वेव से बचाने के लिए मतदान केंद्रों पर पर्याप्त छाया व्यवस्था, पेयजल, ओआरएस पैकेट की व्यवस्था की जाए।

# निष्पक्ष चुनाव कराने में पोलिंग पार्टी की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्णः डीसी



रेवाड़ी। गर्ल्स कॉलेज में स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते डीसी व एसपी तथा स्ट्रांग रूम में अधिकारियों को निर्देश देते डीसी।

- डीसी व एसपी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था सहित चुनाव सामग्री वितरण को लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

लोकसभा आम चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व भयमुक्त महौल में कराने के लिए डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा व पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन वीरवार को बावल व रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र के लिए सेक्टर-18 स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय व कोसली के लिए जैन पब्लिक स्कूल में बनाए गए ईवीएम के स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व्यवस्था व 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए चिंहित स्थान का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने कहा कि पोलिंग पार्टियों के लिए चुनाव कराना व वापस सामान जमा कराना महत्वपूर्ण व जिम्मेदारी का कार्य है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी व सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए जरूरी है कि चुनाव प्रक्रिया के निर्धारित नियमों व जानकारियों के बारे में अधिकारी-कर्मचारी का प्रशिक्षित होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव कराने में पोलिंग पार्टी की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होगी। इसलिए वह मतदान से जुड़ी पूरी प्रक्रिया को अच्छी प्रकार से समझें और सभी नियमों की पूरी जानकारी प्राप्त कर लें। उन्होंने कहा कि 25 मई को लोकसभा चुनाव के लिए सुबह 7 से सायं 6 बजे तक मतदान होगा। अगर किसी भी पोलिंग पार्टी को चुनाव के समय कोई दिक्कत आती है तो संबंधित कर्मचारी मुस्तैदी के साथ समस्या का समाधान करना सुनिश्चित करे।

### अनाधिकृत व्यक्ति स्ट्रांग रूम क्षेत्र में न करने पाए प्रवेशः एसपी

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिए कि स्ट्रांग रूम क्षेत्र में बिना अनुमति और वैध पास के कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति प्रवेश नहीं करने पाए। उन्होंने सभी एआरओ को निर्देश दिए कि स्ट्रांग रूम परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की निरंतर मॉनिटरिंग की जाए। साथ ही स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी यह ध्यान रखे कि स्ट्रांग रूम में कोई भी व्यक्ति मोबाइल अंदर लेकर न आने पाए। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था में जरा सी भी चूक नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर एसडीएम विकास यादव, एसडीएम बावल मनोज कुमार, एसडीएम कोसली उदय सिंह व सीटीएम लोकेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### मालिक को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर नौकर दो लाख लेकर भागा

रेवाड़ी। बैंक से पैसे निकलवाने के बाद नौकर के साथ मंदोला जा रहे एक कारोबारी को नौकर नशीला पदार्थ पिलाकर 2 लाख रुपये और मोबाइल फोन लेकर फरार हो गया। जाटूसाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद नौकर की तलाश शुरू कर दी। पुलिस बयान में गुरूगाम के बोहड़ा कलां निवासी महेश कुमार ने बगाता कि उसने एमपी के रहने वाले महेंद्रपुरी को नौकर रखा हुआ है। उसे पेमेंट करने के लिए मंदोला डेयरी पर जाना था। घर से एक लाख रुपये लेकर उसने बैंक से भी इतनी ही राशि निकलवाई थी। उसने 2 लाख रुपये का बैग महेंद्रपुरी के हाथ में देकर उसे बाइक पर पीछे बैठा लिया। जाटूसाना के पास कोल्ड ड्रिंक पीने के लिए बाइक रोक दी। उसका नौकर कोल्ड ड्रिंक खरीदकर लाया। कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद वह बेहोश हो गया। काफी देर बाद होश आया तो नौकर 2 लाख रुपये और मोबाइल फोन लेकर फरार हो चुका था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

# समारोह में मेधावी विद्यार्थी हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

राजकीय उच्च विद्यालय खटावली में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दसवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को खंड शिक्षा अधिकारी सतपाल धूपिया ने पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर बीईओ धूपिया ने कहा कि बच्चे का भविष्य शिक्षकों के हाथ में है। माता-पिता, शिक्षक व गुरु के आशीर्वाद से बच्चे अथक प्रयास से अच्छा परिणाम लाते हैं। मुख्य अध्यापक अनिल कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों ने मैट्रिक एवं विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय प्रदर्शन किया है। स्कूल में समय-समय पर पढ़ाई के अलावा जिला एवं खंड स्तरीय कार्यक्रमों में भी विद्यार्थियों की सहभागिता बनी रहती है। सरपंच ने कहा कि मुख्याध्यापक के मार्गदर्शन में दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम पहली बार 100 प्रतिशत आया है तथा मुख्यमंत्री सौंदर्यकरण प्रतियोगिता में भी स्कूल ने खंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। संजीव कुमार ने बताया कि सरिता 92.60 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय टॉपर बनी है। दूसरे स्थान पर प्रमोद 92 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान पर एकता रानी 90.40 प्रतिशत रही है। प्रियंका ने 88.40 प्रतिशत, अंकिता ने 86.60 प्रतिशत, कृष्ण कुमार ने 85.20 प्रतिशत, दीपांशी ने 85 प्रतिशत, सिमरन ने 84.80 प्रतिशत, तरुण ने 84.2 प्रतिशत, अर्जुन ने 79.8 प्रतिशत, हर्ष ने 77.8 प्रतिशत, अमन ने 76.6 प्रतिशत, जतिन कुमार ने 72.8 प्रतिशत तथा योगेश ने 71.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। इस अवसर पर अनिल कुमार मुख्याध्यापक राजकीय उच्च विद्यालय कसोला, सुरेश कुमार थानेदार, मोनिका यादव एबीआरसी, अध्यापक ,अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।


रेवाड़ी। स्कूल के टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित करते बीईओ व अन्य। *फोटो हरिभूमि।*





रेवाड़ी। प्रतियोगिता में योगकला का प्रदर्शन करती प्रतिभागी व विजेता स्कूल को ट्राफी प्रदान करते अतिथि।

### योग प्रतियोगिता में आरपीएस धारूहेड़ा की टीम बनी विजेता

रेवाड़ी। प्रथम अंतर स्कूल योग प्रतियोगिता का आयोजन जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सैनी सभा के प्रधान नवीन सैनी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राचार्य शुभ्र मिश्रा, महेश साइक्लिस्ट, राकेश कुमार आयुष विभाग ने शिरकत की। प्रतियोगिता में जिले के सरकारी तथा निजी स्कूलों की टीमों के 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम प्रभारी योगा कोच राहुल जांगड़ा ने बताया कि प्रतियोगिता में आरपीएस धारूहेड़ा ने प्रथम, जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल ने द्वितीय तथा डीपीएस बावल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बाल वर्ग में गुरुकुल घासेड़ा से ऋषभ तथा बालिका वर्ग में यशिका ने बेस्ट खिलाड़ी का खिताब जीता। विजेता विद्यालयों को 5100, 3100 व 2100 रुपए का नकद पुरस्कार तथा ट्रॉफी प्रदान की गई। तथा अन्य प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में राहुल, ललिता, पल्लवी, नवीन कुमार, सुनील कुमार, जयदीप आर्य, विजयश्री व प्रेमलता ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि योग से हमारा शरीर मजबूत व लचीला बनता है तथा प्राणायाम करने से स्मरण क्षमता में सुधार होता है। उन्होंने सभी से अपने जीवन में योग और प्राणायाम को अपनाने की अपील भी की।

## न्यूज डायरी

### जरूरतमंद बच्चों को स्कूल ड्रेस देकर मनाया जन्मदिन



रेवाड़ी। गांव डूंगरवास निवासी राजबीर सिंह और उनकी अध्यापिका पत्नी ममता यादव ने अपनी बेटी तमन्ना के जन्मदिन पर जरूरतमंद बच्चों को स्कूल ड्रेस वितरित की। दंपति अपने व बच्चों के जन्मदिन पर पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे भी लगाते रहे है। ममता यादव पटौदी के मुमताजपुर के गवर्नमेंट मिडिल स्कूल में अध्यापिका है। ममता यादव ने अपने परिवार के साथ स्कूल में पहुंचकर बच्चों के साथ बेटी के जन्मदिन की खुशियां साझा की। उन्होंने 58 बच्चों को स्कूल ड्रेस के साथ जरूरी पठन सामग्री भी भेंट की। स्कूल हैडमास्टर राकेश रोहिल्ला ने दंपति के इस नेक कार्य की सराहना की। इस मौके पर ईश्वर चंद यादव, पवन, केशव, मुकुल, स्कूल अध्यापिका सुमन व विजेंदर मास्टर मौजूद थे।

### ज्यादा से ज्यादा मतदान का संदेश दे रही प्रचार टीम



रेवाड़ी। लोकसभा आम चुनाव में मतदाताओं को जागरूक कर बढ़चढकर मतदान करने व मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की प्रचार टीम स्वीप अभियान के तहत गांव-गांव जाकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर रही है। विभाग के पार्टी कलाकार ढोलक, चिमटा व हारमोनियम के माध्यम से मतदान के प्रति जागरुकता बढ़ाने वाले गीत व भजन गाते हुए लोगों का मतदान का संदेश दे रहे हैं। वीरवार को भजन मंडली कलाकारों ने बेरली कलां, नेहरूगढ़, कारोली, बव्वा व लिसान गांवों में पहुंचकर वोट का महत्व समझाते हुए लोकतंत्र के महापर्व में वोट का शत प्रतिशत प्रयोग करने के लिए जागरूक किया।


रेवाड़ी। गांव में नुक्कड़ नाटक का मंचन करती छात्राएं।

### छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक से लोगों को किया वोट डालने के लिए प्रेरित

रेवाड़ी। लोकसभा आम चुनाव में 25 मई के दिन मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने व मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करनावास की छात्राएं जिलेभर में गांवों व शहर के प्रमुख स्थानों पर नुक्कड़ नाटक करके लोगों को प्रेरित कर रही है। प्राचार्य डा. लक्ष्मीनारायण के मार्गदर्शन व सतीश मस्तान के निर्देशन में छात्राएं स्वीप अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को वोट डालने के लिए जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। छात्रा कोमल, रिया, चंचल, संजना, स्वीटी, किशन, रोहित, वंदना, निसीका व एकता ने वीरवार को प्रवक्ता ज्योत्स्ना यादव के नेतृत्व में गांव ड्योढ़ई, लालपुर व गढ़ी बोलनी में नुक्कड़ नाटक का मंचन करके लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया तथा वोट डालने का संकल्प भी दिलाया।

# निष्पक्ष चुनाव कराना पुलिस की प्राथमिकताः एसपी

- पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी शशांक कुमार सावन ने लोकसभा चुनाव को लेकर जवानों को दिए अहम निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


रेवाड़ी। पुलिस कर्मियों को दिशा-निर्देश देते हुए एसपी। *फोटो : हरिभूमि*

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए वीरवार को पुलिस लाइन में सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रबंधकों, क्राइम यूनिट, चौकी इंचार्ज व चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि पुलिस की प्राथमिकता स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराना है, इसलिए पोलिंग बूथों एवं ड्यूटी पर नियुक्त समस्त अधिकारी व कर्मचारी निष्पक्षता के साथ कार्य करे। ड्यूटी के दौरान मतदान केंद्रों के आसपास भीड़ एकत्रित न होने दे। मतदान केंद्र के अंदर कोई भी व्यक्ति मोबाइल फोन व अन्य प्रतिबंधित वस्तु न ले जाने पाए। चुनाव प्रक्रिया में विघ्न डालने व आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करें तथा पीठासीन अधिकारी का पूर्ण सहयोग करें। ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों का सेवन न करें। एसपी ने कहा कि मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली किसी भी सूचना के संबंध में डायल 112, सम्बंधित थाना प्रभारी व उच्चाधिकारी को दूरभाष पर तत्काल सूचित किया जाए। ड्यूटी पर लगी समस्त पुलिस फोर्स मतदाताओं से मधुर व्यवहार करे। किसी भी प्रकार की अभद्रता न करें। एसपी ने बताया कि लोकसभा चुनाव में जिले में 2115 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। उनके साथ होमगार्ड की तैनाती पर भी रहेगी। 503 लोकेशन पर स्थित 781 बूथ पर मतदाता अपने मतदान का प्रयोग करेंगे। 3 लोकेशन पर स्थित वल्नरेबल-क्रिटिकल बूथ पर नॉर्म्स के अनुसार पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। इसके अलावा बीएसएफ 1 कंपनी अतिरिक्त तैनात रहेगी। जिला में कुल 55 पेट्रोलिंग पार्टी नियुक्त की गई है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के ओवरऑल इंचार्ज डीएसपी होंगे। इसके अलावा जिला स्तर पर 25 ईआरवी तैनात रहगी। उन्होंने कहा कि शनिवार शाम 6 बजे तक जिले में शराब की बिक्री बंद रहेगी। थाना प्रबंधक होटल ढाबा व धर्मशाला को चैक करेंगे।

### मोबाइल चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



रेवाड़ी। सेक्टर-3 चौकी पुलिस ने मोबाइल चोरी करने के मामले में एक आरोपी यूपी के जिला बरेली के अलीगंज निवासी अमीर उर्फ मुन्ना को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए दो मोबाइल फोन बरामद किए है। रेवाड़ी के निर्मला अस्पताल में कार्यरत गुरुग्राम के गांव ऊंचा माजरा निवासी नर्स 26 अप्रैल को अस्पताल के रिसेप्शन पर बैठी थी। इस दौरान कोई अज्ञात व्यक्ति उसका मोबाइल फोन चोरी करके ले गया। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से चोरी किए गए दो मोबाइल फोन बरामद किए है।

### जसवंत की घर वापसी पर कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी




बावल। पूर्व मंत्री जसवंत सिंह बावल के कांग्रेस में घर वापसी करने पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। उनके समर्थकों ने आश्वासन दिया कि वह पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिए उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। जसवंत सिंह बावल अभी तक भाजपा में थे। कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा के बुलावे पर वह कांग्रेस में शामिल हो गए। दीपेंद्र हुड्डा ने उन्हें आश्वासन दिया है कि पार्टी में उन्हें पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। वहीं दूसरी ओर जसवंत सिंह ने कहा कि भाजपा में रहते हुए उन्होंने पार्टी संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में काफी प्रयास किए।


## तीन हलके करेंगे दो लोकसभा प्रत्याशियों के भाग्य का निर्णय

# समीकरण बैठाकर एक-दूसरे के गढ़ में सेंध लगाने की रणनीति

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

लोकसभा चुनावों में प्रचार का शोरगुल वीरवार शाम 6 बजे शांत हो गया। प्रत्याशियों के पास अब रूठों को मनाने और एक-दूसरे के गढ़ में सेंध लगाने की रणनीति को अंतिम रूप देने के लिए शुक्रवार का दिन और रात होंगे। प्रमुख प्रत्याशी और उनके समर्थक लगभग 24 घंटे उन घरों पर दस्तक देंगे, जहां से वोट की उम्मीद कम नजर आएगी। जिले में रेवाड़ी, बावल और कोसली तीन विधानसभा क्षेत्र दो लोकसभा क्षेत्रों में प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। रेवाड़ी और बावल हलके गुरूग्राम तथा कोसली रोहतक लोकसभा सीट पर हार-जीत का फैसला करने में भादीदारी निभाएंगे। गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र में मुख्य मुकाबला भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह और कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर के बीच होने के पूरे आसार हैं। इस लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाले रेवाड़ी हलके में इस बार लगभग 2.51 लाख और बावल हलके में लगभग 2.23 लाख मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। बावल हलके में भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह के लिए कैबिनेट मंत्री डा. बनवारीलाल ने खुलकर प्रचार मैदान में पसीना बहाया है। अगर राव इस हलके में पिछले चुनावों का प्रदर्शन दोहराने में कामयाब होते हैं, इसका पूरा श्रेय डा. बनवारीलाल को जाएगा। रेवाड़ी हलके में भाजपा का विधायक नहीं है। इस हलके में समीकरण एक बार फिर राव के पक्ष में बनते दिखाई दे रहे हैं। इस हलके में कांग्रेस विधायक चिरंजीव राव अपने पिता कैप्टन अजयसिंह यादव के साथ राज बब्बर के लिए प्रचार मैदान में जमकर पसीना बहा चुके हैं, परंतु पार्टी में भीतरघात और जातिगत समीकरण राव का पलड़ा भारी बनाने का संकेत दे रहे हैं। टिकट मिलने में हुई देरी के कारण उन्हें प्रचार के लिए बहुत कम समय मिला, जिससे वह पूरे लोकसभा क्षेत्र को पर्याप्त समय नहीं दे पाए।


राव इन्द्रजीत


राज बब्बर।

### कोसली पर पूरे प्रदेश की निगाहें

पूरे प्रदेश में कोसली अकेला विधानसभा क्षेत्र ऐसा है, जिस पर पूरे प्रदेश की निगाहें टिकी हुई हैं। वर्ष 2019 में अकेले अपने दम पर कांग्रेस के हाथ से जीत छीनकर भाजपा की झोली में डालने वाले अकेले हलके में कांग्रेस प्रत्याशी दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने इस बार पूरी ताकत लगाने का प्रयास किया है। प्रचार के अंतिम दौर में दीपेंद्र की रणनीति को फेल करने के लिए भाजपा असरदार चेहरों को चुनाव मैदान में उतारकर हवा का रुख पलटने का प्रयास कर चुकी है। इस हलके के लगभग 2.74 लाख मतदाताओं पर प्रदेशभर की निगाहें टिकी हुई हैं।

### नाराज साथियों को मनाने का दिन

प्रमुख प्रत्याशियों के लिए शुक्रवार का दिन और रात काफी महत्वपूर्ण हैं। आज की रात प्रत्याशी व उनके खास समर्थक बिस्तर पर आराम फरमाने की बजाय ऐसे लोगों को मनाने के लिए उनके घर तक पहुंचेंगे, जिनके प्रभाव में काफी मतदाता हैं। ऐसे नाराज समर्थकों को मनाने पर पूरा जोर लगाया जाएगा। जातिगत समीकरण का गुणा-भाग लगाकर कमजोर कड़ी को दूर करने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। एक-दूसरे के गढ़ में सेंध लगाने की दिशा में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जाएगी।

### बढ़ती गर्मी में अपने साथ-साथ बुजुर्गों का भी रखें ख्यालः उपायुक्त



रेवाड़ी। डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा की ओर से आमजन को गर्मी व हीट वेव से बचाने के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसकी सभी को पालना करनी चाहिए। डीसी ने कहा कि गर्मी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, ऐसे में स्वयं को स्वस्थ रखने के साथ-साथ कमजोर व बुजुर्गों का भी ध्यान रखें। बुजुर्गों की अधिक गर्मी होने पर दिन में कम से कम 2 बार उनकी जांच करें। खासतौर पर जब बुजुर्ग अकेले हों तब उनकी विशेष रूप से जांच व देखरेख करें।

### नलकूप पर चोरी कर रहे थे दो चोर, पकड़े जाने पर मोबाइल छीनकर भागे

रेवाड़ी। बुधवार की रात रोजका के खेतों में ट्यूबवेल पर चोरी कर रहे दो लोग पकड़े जाने पर एक ग्रामीण का मोबाइल फोन छीनकर बाइक से फरार हो गए। बाद में पता चला कि चोर किसान की दो मोटरें भी चोरी कर ले गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। राजस्थान के खुशखेड़ा में प्राइवेट जॉब करने वाले रोजका निवासी सतबीर ने बताया कि वह बुधवार की रात नौकरी करने के बाद घर लौट रहा था। वह खेतों में लगे अपने इंजन को देखने के लिए नहर के पास पहुंचा तो फदनी निवासी गोपी के ट्यूबवेल की कोठड़ी खुली हुई थी। जब वह कोठड़ी के पास पहुंचा तो दो लड़के वहां आए। उसे धक्का देकर जमीन पर गिराने के बाद दोनों उसका मोबाइल फोन छीनकर छुपाकर खड़ी की हुई बाइक से फरार हो गए।

## खबर संक्षेप

### डीलक्स बाइक छोड़कर बुलेट लेकर फरार हुआ

रेवाड़ी। गुजरीवास में चोर एक प्लॉट के बाहर खड़ी बुलेट बाइक लेकर फरार हो गया। चोर डीलक्स बाइक मौके पर छोड़ गया। पुलिस ने मौके से बाइक बरामद करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया।

पुलिस शिकायत में मूल रूप से यूपी के बोड़ाकी निवासी इंद्रजीत ने बताया कि वह गुजरीवास में एचपी डिपो के पास काम करता है। उसने प्लॉट के बाहर अपनी बुलेट बाइक खड़ी की थी। इसके बाद वह काम में व्यस्त हो गया। काम से निपटने के बाद वह प्लॉट के पास आया तो उसकी बुलेट बाइक गायब मिली। वहां एक डीलक्स बाइक खड़ी हुई थी। काफी पूछताछ करने के बाद भी उस बाइक का मालिक सामने नहीं आया। चोर उस बाइक को छोड़कर बुलेट बाइक ले गया।

### खेत में लगी सोलर प्लेट ले गए चोर

रेवाड़ी। खेड़ा आलमपुर में चोर एक खते में लगी सोलर पंप की प्लेट चोरी कर ले गए। जयसिंह ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसने अपने खेत में सोलर पंप सेट लगवाया हुआ है। रात के समय चोर सोलर पैनल की एक प्लेट चोरी कर ले गए। उसने आसपास पता किया, लेकिन प्लेट का कोई सुराग नहीं मिला। रोहड़ाई पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### डीसी राहुल हुड्डा बोले चुनावी ड्यूटी में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध की जाएगी कड़ी कार्रवाई

# जिले में 781 बूथों पर मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियां तैयार, आज चुनाव सामग्री लेकर होंगी रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शनिवार 25 मई को होने वाले 18वीं लोकसभा के आम चुनाव के लिए 24 मई को पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगी। इससे पहले पोलिंग पार्टियों को सेक्टर-18 स्थित गर्ल्स कॉलेज व जैन स्कूल में ईवीएम व वीवीपैट का फाइनल प्रशिक्षण दिया जाएगा। डीसी व जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने कहा कि चुनाव ड्यूटी पर जा रहे मतदान दल के कार्य में अगर कोई असामाजिक तत्व या राजनीतिक पार्टियां अपने प्रभाव के चलते उनकी ड्यूटी किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न करते हैं तो उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि पोलिंग पार्टियों की पहली रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया 24 अप्रैल तथा प्रशिक्षण का कार्य 6 मई को किया जा चुका है। दूसरी रेंडमाइजेशन 10 मई तथा प्रशिक्षण 19 मई को पूरा किया जा चुका है। अब 24 मई को यह सभी पोलिंग पार्टियां अपने-अपने मतदान केंद्र के लिए रवाना होंगी। जिले में 25 मई को मतदान होगा, जिसके लिए जिला प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र के अंदर यदि किसी व्यक्ति का आचरण सही नहीं है या पीठासीन अधिकारी के आदेशों की अवहेलना करता है तो उसे ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारी की ओर से मतदान केंद्र से बाहर निकाल दिया जाएगा। उसके बाद भी यदि वह व्यक्ति पीठासीन अधिकारी की अनुमति के बिना मतदान केंद्र में पुनः प्रवेश करता है तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 132 के तहत उस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और 3 माह की जेल या जुर्माना या दोनों सजाएं दी जा सकती हैं।



रेवाड़ी। फ्लैग मार्च निकालते हुए पुलिस व बीएसएफ के जवान। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस व बीएसएफ जवानों ने शहर में निकला फ्लैग मार्च



लोकसभा चुनाव को लेकर जिला पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड़ पर है। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के मार्गदर्शन में वीरवार को शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस टीम व बीएसएफ की टुकड़ी ने आम नागरिकों से शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतन्त्र रुप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। डीएसपी हेडक्वार्टर पवन कुमार ने कहा कि सभी मतदाता पूरी निडरता के साथ अपने विवेक व स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करें। शहर व देहात के सभी संवेदनशील मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। जिला पुलिस के खुफिया विभाग की ओर से संदिग्ध किस्म के लोगों तथा सोशल मीडिया पर पूरी निगरानी रखी जा रही है। फ्लैग मार्च में प्रबन्धक थाना शहर सुरेन्द्र कुमार, प्रबन्धक थाना मॉडल टाउन कृष्ण कुमार, प्रबन्धक थाना रामपुरा मुकेश चन्द, लाइन अफसर विक्रम सिंह एवं बीएसएफ के असिस्टेंट कमांडेंट प्रताप सिंह मौजूद थे। फ्लैग मार्च राव अभय सिंह चौक से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा। एसपी शशांक कुमार सावन ने कहा कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना पैदा करना है, ताकि वह निर्भय होकर अपना मतदान कर सकें। फ्लैग मार्च दौरान पुलिस ने लोगों को बिना किसी डर भय के चुनाव प्रकिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। फ्लैग मार्च के दौरान आमजन से यह भी अपील की गई है कि मतदान के दौरान अगर कोई व्यक्ति उन्हें प्रभावित करें तो तुरंत उसकी सूचना पुलिस को दें, ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा सके।

### वोट डालने के लिए मिलेगा सार्वजनिक अवकाश



डीसी हुड्डा ने बताया कि 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव के दिन हरियाणा में स्थित विभिन्न दुकानों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों को सार्वजनिक अवकाश मिलेगा। इसके अलावा फैक्ट्री अधिनियम, 1948 की धारा 65 की उपधारा (2) के तहत हरियाणा राज्य में स्थित फैक्ट्रियों में कार्यरत श्रमिकों का भी मतदान के लिए अवकाश रहेगा। इतना ही नहीं, हरियाणा के जो मतदाता पड़ोसी राज्यों में काम कर रहे हैं, उन राज्यों ने भी हरियाणा के मतदाताओं के लिए अवकाश घोषित किया है।

### जुर्माना व दो साल तक की सजा का प्रावधान

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 136 के तहत चुनाव प्रतिबद्धता की दृष्टि से अपराध करने के लिए यदि कोई व्यक्ति किसी मतपत्र या ईवीएम या किसी मतपत्र या ईवीएम पर लगे आधिकारिक चिह्न को धोखाधड़ी से विरूपित या नष्ट कर देता है या किसी मतपेटी में मतपत्र के अलावा कुछ भी डाल देता है, या प्रतीक या नाम पर कोई कागज या टेप चिपका देता है। इस स्थिति में यदि यह अपराध चुनाव ड्यूटी पर तैनात किसी अधिकारी या क्लर्क द्वारा किया जाता है तो 2 साल की कैद या जुर्माना या दोनों सजाएं हो सकती हैं। यदि यह अपराध किसी अन्य व्यक्ति द्वारा किया जाता है तो उसे 6 माह की कैद या जुर्माना या दोनों सजाएं हो सकती हैं। इसके अलावा यदि कोई व्यक्ति किसी सरकारी अधिकारी को उसके कर्तव्य के निर्वहन से रोकने के लिए स्वेच्छा से साधारण या गंभीर चोट पहुंचाता है या हमला करता है तो उसे भारतीय दण्ड संहिता की धारा 332, 333 व 353 के तहत 2 साल से 10 साल की कैद और जुर्माना लगाया जाएगा।

## पतंजलि समिति ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

■ विभिन्न योग कक्षाओं में उपस्थित योग साधकों को मतदान करने के लिए जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

पतंजलि योग समिति की ओर से वीरवार को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी दयाराम आर्य ने शहर के राव तुलाराम पार्क, रामलीला मैदान, हाउसिंग बोर्ड सेक्टर-4, सामुदायिक भवन सेक्टर-3 तथा जिमखाना क्लब में चल रही विभिन्न योग कक्षाओं में उपस्थित योग साधकों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी अनिवार्य रूप से मतदान करके देश का मजबूत बनाने का निर्माण करें। समिति की महिला प्रभारी सरोज आर्य ने भी मातृशक्ति से मतदान कर मजबूत लोकतंत्र स्थापित करने की अपील की। मौके पर मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार, सरिता यादव, अर्चना, स्वेता, प्रकाश, जयप्रकाश रुस्तगी, सावित्री यादव, राजबाला, कुलदीप, चंद्रप्रकाश, रमेश मित्तल, सुशीला यादव, नरेश, उषा, ज्योति, शशि व सुमन शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।




रेवाड़ी। मतदाता जागरूकता अभियान चलाते हुए समिति सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### मां-बेटी के साथ मारपीट एक आरोपी नामजद

रेवाड़ी। उत्तम नगर में अपने घर आई एक महिला और उसकी बेटी के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस बयान में गुरूग्राम निवासी सुनीता ने बताया कि वह अपनी बेटी कोमल के साथ मामा के गांव हांसाका आने के बाद उत्तम नगर में अपने मकान पर आई थी। उसने आरोप लगाया कि झज्जर के रामपुर निवासी जितेंद्र ने उस पर व उसकी बेटी पर हमला कर दिया। दोनों के साथ जमकर मारपीट की गई। शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने आकर उनका बचाव किया। जितेंद्र ने उसे और उसकी बेटी को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने उसके बयान पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

## राव इंद्रजीत को कमल पर दिया वोट मेरे खाते में जाएगा : मोदी

■ महेंद्रगढ़ में पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा दक्षिण हरियाणा का चंडीगढ़ व दिल्ली से हुआ सीधा जुड़ाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़/ गुरुग्राम

नरेंद्र मोदी ने गुड़गांव लोकसभा के मतदाताओं को भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह को जीताने का आह्वान किया। मोदी ने कहा कि राव को दिया गया वोट सीधा मेरे खाते में जाएगा। महेंद्रगढ़ में पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने कहा अहीरवाल की वीर भूमि पर आकर उन्हें एम्स का शिलान्यास करने का मौका मिला। उन्होंने जनता से सीधे संवाद करते हुए मोदी दोहराया कि एम्स का शिलान्यास हमने किया और उद्घाटन भी हम ही करेंगे। मोदी का साफ किकि अगले पांच सालों में एम्स का निर्माण मुकम्मल हो जाएगा। मोदी ने एनएच 152 डी और रेवाड़ी नारनौल हाइवे चर्चा करते हुए कहा कि अब नांगल चौधरी से चंडीगढ़ ढाई से तीन घंटे में पहुंचा जा रहा है। रेवाड़ी से नारनौल एक घंटे में। ।



उन्होंने कहा कि प्रभारी के तौर पर मैंने यहां काम किया है। मैंने यहां माता-बहनों के हाथ का खाना बहुत खाया है। नारनौल के सूरजा हलवाई, महेंद्रगढ़ की मिठाई। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने मुझे प्यार दिया है। हरियाणा का इसलिए मुझ पर अधिकार भी है। चलते फिरते यहां के लोग कह सकते हैं। पिछले 10 साल में आपने प्यार में कमी नहीं आने दी।

### बीएमडी फाउंडेशन ने यूपीएससी में चयनित नवीन कुमार को किया सम्मानित



रेवाड़ी। नवीन कुमार को सम्मानित करते हुए फाउंडेशन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

रेवाड़ी। गांव मलेशियावास निवासी नवीन कुमार का संघ लोक सेवा आयोग की ओर से साक्षात्कार पास कर सहायक निदेशक नागर विमानन मंत्रालय भारत सरकार के पद पर चयनित होने पर सम्मान किया गया। बीएमडी फाउंडेशन के चेयरमैन लक्की राव सीगड़ा ने सदस्यों के नवीन को फूलमाला पहनाकर व स्मृति चिंह भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर फाउंडेशन के चेयरमैन ने कहा कि सभी को नवीन से प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ने के लिए संघष करना चाहिए। संघर्ष ही जीवन हैं और जीवन की सार्थकता भी संघर्षों में हैं। नवीन ने अपने जीवन में एयरफोर्स के कार्यकाल में पूरी ईमानदारी से कार्य किया और हाल ही में यूपीएससी में चयनित होकर क्षेत्र ही नहीं देश का नाम भी रोशन किया हैं। नवीन कुमार ने बताया कि वह वर्ष 2020 में बतौर इंचार्ज लीगल सेल एयरफोर्स से सेवानिवृत्त हुए थे। एयरफोर्स में उत्कृष्ट कार्य करने पर वायुसेना प्रमुख द्वारा सम्मानित किया गया था। पहली बार में ही यूपीएससी की ओर से आयोजित सहायक निदेशक पद के लिए आयोजित साक्षात्कार में सफलता प्राप्त की। इस अवसर पर देवेन्द्र जाखड़ शाखा प्रबंधक, सुनील स्वामी, कुलदीप अत्री, एडवोकेट बसंत कुमार, अनुराधा शर्मा व वैशाली सहित अनेक युवा उपस्थित थे।

## सेवा स्तम्भ ने महात्मा बुद्ध की जीवनी व शिक्षाओं पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सेवा स्तम्भ जिला इकाई की ओर से डा. बीआर अंबेडकर पार्क एवं पुस्तकालय मॉडल टाउन जिला कार्यालय में वीरवार को बुद्ध जयंती महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान भगत सिंह सांभरिया ने की। सर्वप्रथम महामानव बुद्ध को पुष्प अर्पित किए गए। जिला प्रधान सांभरिया ने त्रिशरण, पंचसील एवं बुद्ध वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत की। मंच संचालन महासचिव आरपी सिंह दहिया ने किया। सभी वक्ताओं ने महात्मा बुद्ध की जीवनी व शिक्षाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला व उनकी शिक्षाओं पर अमल करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर दहिया ने कहा कि इसे त्रिगुण, त्रिविध पावन पर्व के नाम से जाना जाता है। संसार में केवल महात्मा बुद्ध ही एक ऐसे महामानव हुए है, जिनका जन्म, ज्ञान प्राप्ति व महापरिनिर्वाण एक ही शुभ दिन वैसाखी बुद्ध पूर्णिमा को हुआ। पूरे संसार मे ऐसी तीन घटनाएं महात्मा बुद्ध के अलावा किसी भी महापुरुष के साथ घटित नहीं हुई है। बुद्ध वैसाखी पूर्णिमा मंगलकारी एवं पावन पर्व है। इस अवसर पर चीफ धनपत सिंह गिरदावर, रिटायर्ड बीईओ राजकुमार जलवा, रामनिवास गोठवाल, जितेंद्र मेहरा, राजेश कुमार सुलखा, सत्यवीर गोठवाल, लक्ष्मीबाई लिसाना, होमिका, वर्णिका व जशन सांभरिया उपस्थित थे।



रेवाड़ी। महात्मा बुद्ध को पुष्प अर्पित करते हुए संगठन सदस्य।

रेवाड़ी। महात्मा बुद्ध को पुष्प अर्पित करते हुए संगठन सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### बुद्ध पूर्णिमा पर गायत्री मंदिर में किया हवन



धारूहेड़ा। वीरवार को बुद्ध पूर्णिमा के पर्व पर गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से देश की सुरक्षा व समृद्धि के लिए गायत्री मंदिर में हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि राजकुमार भारद्वाज ने हवन सम्पन्न कराया तथा प्रसाद वितरित किया गया। उन्होंने श्रद्धालुओं को महात्मा बुद्ध के के पदचिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मास्टर मदनलाल, अशोक अग्रवाल, पूर्व प्रधान राजेंद्र सैनी, मास्टर सतीश भारद्वाज, मीराबाई, संतोष पांचाल, विजय अग्रवाल व लक्ष्मी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

### धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन



कुंड। जिले के गांव पीथड़ावास में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। यजमान महेश कुमार के निवास पर पुरोहित पंडित ओमप्रकाश शर्मा ने विधिवत रूप से अनुष्ठान संपन्न कराया। उन्होंने कहा कि सर्वशक्तिमान भगवान की पूजा अनेक रूपों में की जाती है। उनमें से भगवान का सत्यनारायण रूप इस कथा में बताया गया है। उन्होंने कहा कि सत्यनारायण भगवान की पूजा के लिए दूध, केला, गंगाजल, तुलसी व मेवा मिलाकर पंचामृत तैयार किया जाता है, जो भगवान को अत्यंत प्रिय है। प्रसाद के रूप में फल मिष्ठान के अतिरिक्त आटे को भूनकर, उसमें चीनी मिलाकर प्रसाद बनता है, जिसे पंजीरी कहा जाता है। इस मौके पर सरपंच अनीता शर्मा ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भगवान सत्यनारायण की कथा विशेष फलदायी है। इस अवसर पर राधेश्याम जांगिड़, माया देवी, भरपाई देवी, संतोष देवी, विजय देवी, तारावती, कृष्णा देवी, पूनम, पूजा, सपना, दर्शना, मनीषा, नितेश कुमार, मोहित कुमार व राकेश कुमार सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

### महात्मा गौतम बुद्ध को किया याद



रेवाड़ी। माता रमाबाई सामाजिक उत्थान संस्था आजाद नगर में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर वीरवार को महात्मा गौतम बुद्ध का उनके जन्म, बोधित्व व महापरिनिर्वाण के लिए स्मरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रधान बी आर पंवार ने की। धम्मोपदेष्टा दिनेश कुमार ने उपासकों को धम्म वंदना कराई एवं पंचशील ग्रहण कराया। इस अवसर पर एनएस तंवर, डा. अतर सिंह दहिया व महिपाल सिंह ने सिद्धार्थ से गौतम बुद्ध बने महात्मा बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पूर्व प्रधान आरपी मेहरा, रोहताश सिंह सिंघल, श्योकरण मेहरा, शिवदान सिंह, प्रताप सिंह, सत्य पाल सिंह, भगवान दास व प्रेस सचिव बहादुर सिंह उपस्थित थे।

**मौसम** — हीटवेव ने लोगों को घरों में रहने पर मजबूर किया, दो दिन में तापमान और बढ़ने की संभावना

## तापमान में डेढ़ डिग्री की गिरावट, गर्मी से नहीं मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

मई माह के अंत में गर्मी अपने प्रचंड रूप में आने लगी है। गत वर्ष की तुलना में इस बार तापमान सामान्य से 2 से 3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा चल रहा है। लू के थपेड़ों ने सामान्य जन जीवन पर व्यापक असर डालना शुरू कर दिया है।

दोपहर के समय लोगों का घरों से निकलना मुश्किल बन रहा है। एसी और कूलर की हवा भी गर्म होने लगी है। मई माह के अंत तक गर्मी अपने पीक पर आ सकती है, जिससे लोगों को हीटवेव के प्रति ज्यादा सतर्क रहना होगा। वीरवार को अधिकतम तापमान 1.5 डिग्री की कमी के साथ 43 डिग्री सेल्सियस पर आ गया, जबकि न्यूनतम 0.2 डिग्री बढ़कर 29.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गत वर्ष की तुलना में तापमान ज्यादा चल रहा है।

बुधवार शाम मामूली बूंदाबांदी के कारण हवा में नमी का स्तर बढ़कर 30 फीसदी तक पहुंच गया, जिससे दिन भर उमस भरी गर्मी परेशान करती रही। कूलर और एसी तक असर भारी गर्मी के कारण कम हो गया है। तापमान में मामूली गिरावट भी बूंदाबांदी के कारण हुई है। न्यूनतम तापमान बढ़ने से रात के समय लोगों की नींद हराम होना शुरू हो गई है। गत वर्ष की तुलना में इस साल तापमान ज्यादा चल रहा है। बीते साल 23 मई को अधिकतम तापमान 43.5 और न्यूनतम 25.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। वीरवार को सुबह के समय आसमान में आंशिक बादल छाए रहे।

सुबह 9 बजे के बाद आसमान साफ होने के बाद तेज धूप ने लोगों का पसीना छुड़ाना शुरू कर दिया। शाम के समय आसमान में बादल छा गए। धूल भरी तेज हवाएं भी चलीं। भारी गर्मी के प्रकोप से अभी जल्द राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। इससे बाजार सुबह 10 बजे के बाद वीरान नजर आने लगते हैं। सड़कों पर वाहनों की संख्या कम हो जाती है। लोग घरों से बाहर मजबूरी में ही निकलते हैं।



रेवाड़ी। वीरवार को धूप से बचाव करता जाता ट्रैक्टर चालक। फोटो :हरिभूमि

### हीटवेव का प्रकोप बढ़ने के आसार

मौसम विभाग के अनुसार इस रविवार तक तापमान बढ़कर 47 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच सकता है। इससे हीटवेवे का प्रकोप काफी बढ़ जाएगा। सावधानी नहीं बरतने पर लोग लू की चपेट में आकर बीमार भी हो सकते हैं। रात का तापमान बढ़ने के कारण लू अब रात के समय भी लोगों की नींद हराम करने का काम करेगी। भारी गर्मी के कारण बिजली की मांग बढ़ने से लोगों को आने वाले कुछ दिनों बाद अघोषित बिजली कटों का सामना भी करना सकता है।

## बुद्ध पूर्णिमा पर हवन व भंडारे का आयोजन



रेवाड़ी। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हुए लोग। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा

नंदरामपुर बास रोड स्थित आजाद नगर में वीरवार को बुद्ध पूर्णिमा पर हवन व भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक विनोद सैन ने बताया कि मोहल्ला वासियों एवं दुकानदारों के सहयोग से सातवीं बार भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति डालकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं ने भगवान से परिवार की सुख-समृद्धि की कामना भी की। इस अवसर पर पूर्व प्रधान चौधरी चहल, ओमप्रकाश, राजकुमार, मनोज, मोहित व उमेश सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थी।